अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

09 NOV. 2023

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. चिली ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के 95 वें सदस्य के रूप में जॉइन किया**



- हाल ही में चिली ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के 95 वें सदस्य के रूप में जॉइन किया है।
- 'चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह को ISA अनुसमर्थन का दस्तावेज सौंपा।
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) की स्थापना PM मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति ने 2015 में की थी।
- ISA का उद्देश्य सौर ऊर्जा को बढ़ाना, सौर नवाचार और निवेश की मांग के एकत्रीकरण के माध्यम से सौर ऊर्जा उत्पादन की लागत को कम करना है।

**2. नरेंद्र मोदी को श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त किया**



- हाल ही में नरेंद्र मोदी को श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है।
- श्री सोमनाथ ट्रस्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है।
- श्री सोमनाथ ट्रस्ट के 74 साल लंबे इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी अध्यक्ष को पांच साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है।

**3. नाटो ने 'शीत युद्ध-सुरक्षा संधि' को औपचारिक रूप से निलंबित कर दिया**




- नॉर्थ एटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइज़ेशन (नाटो) ने हाल ही में शीत युद्ध-युग की सुरक्षा संधि (Cold War-era security treaty) को औपचारिक रूप से निलंबित करने की घोषणा कर दी है.
- नाटो के 31 सहयोगियों में से अधिकांश ने 1990 में यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बलों की संधि पर हस्ताक्षर किए थे.
- नाटो की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को की गयी थी.
- इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में है.

**4. महान वैज्ञानिक सीवी रमण की 135वीं जयंती**



- देश के महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की आज 135वीं जयंती है। इस मौके पर देशवासी उन्हें याद कर रहे हैं।
- सीवी रमन का जन्म 7 नवंबर 1888 को तमिलनाडु के त्रिचिनोपोली में हुआ था और 21 नवंबर 1970 को बैंगलोर में उनका निधन हो गया था।
- सीवी रमन भारत के महानतम वैज्ञानिकों में से एक थे।
- सर चंद्रशेखर वेंकट रमन एक भौतिक विज्ञानी थे जिन्होंने ऐसी खोजें कीं जो आधुनिक विज्ञान की तुलना में व्यापक थीं और उन्हें रमन प्रभाव कहा जाता था, प्रकाश की तरंग दैर्ध्य में परिवर्तन की घटना जब एक माध्यम में एक किरण बिखरी होती है।
- **अन्य जयंतियां -**
- विनायक दामोदर सावरकर जयंती- 140 वीं
- लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती - 119 वीं
- एपीजे अब्दुल कलाम जयंती - 92 वीं
- महाराणा प्रताप जयन्ती – 483 वीं

**5. सुल्तान जोहोर कप में भारत ने कांस्य पदक जीता**




- हाल ही में आयोजित किये गए सुल्तान जोहोर कप में भारत ने कांस्य पदक जीता है।
- इस टूर्नामेंट का खिताब जर्मनी ने जीता है। जबकि ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट में रनर अप रहा।
- जर्मनी ने इस टूर्नामेंट को दूसरी बार जीता है।
- भारत ने पाकिस्तान को 6-5 से हराकर यह पदक जीता है।
- भारत की ओर से अरुण साहनी ( 11वां मिनट), पूवान्ना (42वां मिनट) और कप्तान उत्तम सिंह (52वां मिनट) ने गोल किए थे।

**6. एस. के. वसंथन को वर्ष 2023 के एज़ुथाचन पुरस्कार के लिए चुना**



- हाल ही में एस. के. वसंथन को वर्ष 2023 के एज़ुथाचन पुरस्कार के लिए चुना गया।
- एज़ुथाचन पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र में केरल सरकार द्वारा स्थापित शीर्ष पुरस्कार है।
- केरल के संस्कृति मंत्री ने 1 नवम्बर 2023 को पुरस्कार की घोषणा की।
- एस.के. वसंथन की प्रमुख रचनाएँ जैसे केरल संस्कार चरित्र निघंडु (Kerala Samskara Charitra Nighandu) और नम्मल नदन्ना वाज़िकल (Nammal Nadanna Vazhikal) केरल के सांस्कृतिक इतिहास से संबंधित दो प्रमुख रचनाएँ हैं।
- एज़ुथाचन पुरस्कार के तहत 5 लाख का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और पट्टिका केरल के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया जाएगा।

**7. बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला प्रमुख घोषित किया**



- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को हाल ही में दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला प्रमुख घोषित किया गया है।
- टाइम मैगजीन द्वारा हाल ही में अपनी कवर स्टोरी में बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना को चित्रित किया है, जो 76 वर्ष की आयु में बांग्लादेश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला प्रमुख हैं।
- शेख हसीना बांग्लादेशी राजनीति में एक प्रमुख हस्ती रही हैं, जो 2009 से देश की प्रधान मंत्री के रूप में कार्यरत हैं।

**8. कर्नाटक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डीबी चंद्रेगौड़ा का 87 साल की उम्र में निधन हो गया**



- भारत का राजनीतिक परिदृश्य अनुभवी राजनेता और पूर्व मंत्री डीबी चंद्रे गौड़ा के निधन पर शोक मनाता है , जिनका 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- श्री गौड़ा के शानदार राजनीतिक करियर को उनकी विविध भूमिकाओं द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसमें विधायिका के कई सदनों तक की यात्रा शामिल थी।
- विभिन्न राजनीतिक दल. उन्हें विशेष रूप से 1978 में अपनी लोकसभा सीट खाली करने के उनके निस्वार्थ कार्य के लिए याद किया जाता है, जिसने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के लिए आपातकाल के बाद एक उल्लेखनीय राजनीतिक वापसी का मार्ग प्रशस्त किया।

**9. नोवाक जोकोविच ने अपना सातवाँ पेरिस मास्टर्स का खिताब जीता**




- हाल ही में नोवाक जोकोविच ने अपना सातवाँ पेरिस मास्टर्स का खिताब जीत लिया है।
- नोवाक जोकोविच ने फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव पर 6-4, 6-3 की शानदार जीत हासिल की।
- 36 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने टूर्नामेंट के सबसे उम्रदराज चैंपियन के रूप में अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।
- उन्होंने अपना 40वां मास्टर्स 1000 खिताब जीता और अपनी जीत का सिलसिला 18 मैचों तक बढ़ा दिया है।
- **ऑस्ट्रेलियन ओपन -**
- पुरुष एकल- नोवाक जोकोविच
- महिला एकल- एरीना सबालेंका
- **फ्रेंच ओपन -**
- पुरुष एकल - नोवाक जोकोविच
- महिला एकल - इगा स्विआटेक

**10. शुभमन गिल बने वनडे के टॉप बेट्समैन**




- 8 नंवबर को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने वनडे क्रिकेट रैंकिंग लिस्ट जारी की।
- इस लिस्ट में शुभमन गिल दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं।
- उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़कर यह उपलब्धि हासिल की है।
- बैटिंग रैंकिंग में दूसरे नंबर पर बाबर आजम (823 अंक) और साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक (771 अंक) तीसरे नंबर पर हैं।
- विराट कोहली 770 अंकों के साथ चौथे नंबर पर और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर 723 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर हैं।
- ICC वनडे बॉलिंग रैंकिंग में मोहम्मद सिराज 709 अंकों के साथ टॉप पर हैं।

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. निम्न में से कौनसा देश हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का 95 वां सदस्य बना है?**
(a) साइप्रस
(b) सोलोमन द्वीप
(c) सिंगापुर
(d) चिली

**2. श्री सोमनाथ ट्रस्ट के चेयरमैन पद पर निम्न में से कौन चुने गए हैं?**
(a) नरेंद्र मोदी
(b) द्रौपदी मुर्मु
(c) जगदीप धनखड
(d) अमिताभ कान्त

**3. नाटो ने 'शीत युद्ध-सुरक्षा संधि' को औपचारिक रूप से निलंबित कर दिया है, नाटो का मुख्यालय कहां है?**
(a) पेरिस
(b) बर्लिन
(c) लंदन
(d) ब्रुसेल्स

**4. निम्न में से किस दिन डॉ. सी. वी. रमन की 135 वीं जयन्ती मनाई गयी?**
(a) 4 नवंबर
(b) 5 नवंबर
(c) 6 नवंबर
(d) 7 नवंबर

**5. भारत ने सुलतान जोहोर कप 2023 टूर्नामेंट में कौनसा पदक जीता है?**
(a) स्वर्ण पदक
(b) रजत पदक
(c) कांस्य पदक
(d) कोई नहीं

**6. हाल ही में एस. के. वसंथन को वर्ष 2023 के एजुथाचन पुरस्कार के लिए चुना गया। यह पुरस्कार किस राज्य द्वारा दिया जाता है?**
(a) केरल
(b) तमिलनाडु
(c) ओडिशा
(d) झारखंड

**7. निम्न में से किसे दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला प्रमुख घोषित किया गया है?**
(a) मार्गरेट थैचर
(b) इंदिरा गांधी
(c) शेख हसीना
(d) एंजेला मर्केल

**8. डीबी चंद्रेगौड़ा किस राज्य विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष थे जिनका हाल ही में निधन हो गया?**
(a) कर्नाटक
(b) राजस्थान
(c) पंजाब
(d) हरियाणा

**9. हाल ही में किसने अपना सातवाँ पेरिस मास्टर्स खिताब जीता है?**
(a) नोवाक जोकोविच
(b) ग्रिगोर दिमित्रोव
(c) कार्लोस अलकराज
(d) डेनियल मेदवेदेव

**10. वनडे विश्व कप रैंकिंग लिस्ट में दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज कौन बने है?**
(a) विराट कोहली
(b) शुभमन गिल
(c) सूर्यकुमार यादव
(d) ग्लेन मैक्सवेल

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (a) | (d) | (d) | (c) | (a) | (c) | (a) | (a) | (b) |